# FORTUNE INDUSTRIAL RESOURCES LIMITED

**Regd. Office:**- 25, Bazar Lane, Bengali Market, New Delhi-110001
Tel. No.: 011-43585000, Fax: 011-43585015, E-mail: firl.nbfc@gmail.com, Website: www.firl.co.in
CIN: L51503DL1986PLC024329

**02nd February, 2021**

**To**

**Metropolitan Stock Exchange of India Limited**
**Listing Department**
**4th Floor, Vibgyor Towers, Plot No. C-62,**
**Opp. Trident Hotel,**
**Bandra Kurla Complex,**
**Bandra East, Mumbai-400098**

**Scrip Code: FIRL**

**Subject: Newspaper advertisement of the Notice of Meeting of the Board of Directors of the Company scheduled to be held on Wednesday, 10th February, 2021 – Regulation 47 of SEBI (Listing obligations and Disclosure Requirements) Regulation, 2015**

Dear Sir,

Pursuant to Regulation 30 and Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulation 2015, We are enclosing herewith the copies of the Newspaper cuttings published in "Financial Express" (English) and "Pratah Kiran" (Hindi) on Wednesday, 10th February, 2021 both New Delhi edition with regards to the Captioned subject.

Request you to take the above information on records and disseminate the same on your website.

Yours faithfully

For **Fortune Industrial Resources Limited**

Bharti

**Bharti**
**Company Secretary**
**ACS-34492**

## संक्षिप्त खबरें

### मुफ्त चिकित्सा शिविर में 2000 लोगों ने कराई स्वास्थ्य जांच

नई दिल्ली। कैंप के संचालक डॉ राज ने बताया कि दिल्ली में यह अलग तरीके का कैंप है। इसमें डोमेस्टिक और इंटरनेशनल कैंप दोनों हैं। डोमेस्टिक कैंप 30 से 40 किलोमीटर के एरिया को कवर कर रहे हैं और वहीं इंटरनेशनल कैंप की बात करें तो वे लगातार मरीजों से ऑनलाइन जुड़ रहे हैं। मरीजों को निशुल्क चिकित्सा सहायता देने का भी काम कर रहे हैं। आज जो भी व्यक्ति कैंप में आ रहा है। उन लोगों को स्वास्थ्य जांच कर जो भी बीमारी है उसकी दवा बिल्कुल मुफ्त दी जा रही है डॉ. जितेंद्र ने बताया कि लोग कोरोना काल में घरों में थे। अब लोग घरों से बाहर निकलें और अपना हेल्थ चेकअप करवाए।

### राजौरी गार्डन पुलिस ने पीओ पकड़ा, 2010 से फरार था आरोपी

नईदिल्ली। सीनियर पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर राजौरी गार्डन पुलिस ने पिछले कई महीनों से लिस्टेड क्रिमिनल्स और प्रोक्लेमड ऑफेंडर (पीओ) की धड़पकड़ के लिए अभियान चला रखा है. इसी के तहत जब हेड कॉन्स्टेबल संदीप और प्रदीप शास्त्री पार्क इलाके में सर्च कर रहे थे तब ये शातिर अपराधी उनकी पकड़ में आया. जिसे गिरफ्तार कर संबंधित थाने को सौंप दिया गया. इस अपराधी का नाम संजय है, जो मंगोलपुरी इलाके का रहनेवाला है. यह जगतपुरी का पी ओ है और कोर्ट ने एक मामले में 2010 में तीस हजारी कोर्ट द्वारा इसे पीओ घोषित किया गया था. ये अपराधी तब से फरार चल रहा था.

### ऑपरेशन रक्षक के तहत पुलिस ने दो बच्चों को किया बरामद

नईदिल्ली। अपहृत बच्चों की सकुशल बरामदगी के लिए राजौरी गार्डन थाना पुलिस ऑपरेशन रक्षक चला रही है. इसके तहत अब तक पुलिस ने कुल 18 बच्चों को ढूंढ निकाला है. इनमें 11 लड़कियां शामिल हैं. इसी कड़ी में पुलिस ने 2 अन्य बच्चों को सकुशल ढूंढा है. 29 जनवरी को थाना सुल्तानपुरी इलाके से 2 बच्चे के गायब होने की जानकारी के बाद अपहरण का मामला दर्ज किया गया. सुल्तानपुरी पुलिस को इस मामले में कोई सफलता नही मिली. इसके बाद बच्चों को ढूंढने की जिम्मेदारी राजौरी गार्डन थाना पुलिस को सौंपी गई. आला अधिकारियों के निर्देशन में एएसआई विनती प्रसाद और कांस्टेबल शमशेर की टीम बनाई गई. सुत्रों से मिली जानकारी और गूगल मैपिंग, जिप्नेट, एफआरसी (फेस रिकॉग्निसन सिस्टम) का भी सहयोग लिया गया।

### दिल्ली के तीन प्रदर्शन स्थलों पर इंटरनेट सेवाएं आज की रात तक निलंबित रहेंगी

नई दिल्ली। गृह मंत्रालय ने किसानों के प्रदर्शन स्थल सिंघु, गाजीपुर और टीकरी बॉर्डर पर इंटरनेट सेवाओं के निलंबन की अवधि मंगलवार रात तक के लिए बढ़ा दी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इन तीन बॉर्डर पर किसान केंद्र के नए तीन कृषि कानूनों के खिलाफ नंवबर से प्रदर्शन कर रहे हैं। इन स्थानों के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों में भी इंटरनेट सेवाएं निलंबित रहेंगी। यह व्यवस्था 31 जनवरी को रात 11 बजे से आरंभ हुई और दो फरवरी को रात 11 बजे तक जारी रहेगी। गृह मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि टेलीकॉम सेवाओं के अस्थायी निलंबन (जन आपातकाल या जन सुरक्षा) नियम 2017 के तहत यह फैसला सार्वजनिक सुरक्षा को बनाए रखने तथा जन आपातकाल से बचने की खातिर लिया गया है।

## सांसद संजय सिंह ने ट्वीट कर केंद्र से किए कई सवाल

# आप पार्टी ने बजट को बताया देश को बेचने वाला बजट

नई दिल्ली,एजेंसी

आज देश का आम बजट पेश हो गया है, मोदीजी ने जहां इस बजट को लेकर सरकार की पीठ थपथपाई है, वहीं आम आदमी पार्टी ने इसे देश बेचने का बजट बताया है और पार्टी के बड़े नेताओं ने ट्वीट कर सरकार पर जमकर हमला बोला है।

वहीं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने ट्वीट कर सवाल पूछा है कि आखिर ये देश किसका है 130 करोड़ लोगों का या मोदी जी के 4 पूँजीपति मित्रों का उन्होंने आगे लिखा कि सपूत संपत्ति बनाता है, कपूत सम्पत्ति बेचता है। उन्होंने कहा कि आज का बजट देश को बेचने का बजट है। संजय सिंह ने अगले ट्वीट में प्रधामंत्री मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि आज




मोदी जी ने बजट पर नया नारा बनाया, ये देश नही बचने दूँगा,ये देश नही बचने दूंगा दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर कहा कि यह बजट चंद बड़ी कम्पनियों को फायदा पहुंचाने वाला बजट है, ये बजट महंगाई के साथ आम जन-मानस की समस्याएं बढ़ाने का काम करेगा। वहीं दिल्ली के शिक्षा मंत्री ने मोदी के आत्मनिर्भर भारत के नारे पर तंज कसा कहा है, उन्होंने ट्वीट कर कहा कि इतिहास गवाह है कि परिवार हों या देश, आत्मनिर्भर वही बनता है, जो अपने बच्चों की अच्छी शिक्षा पर खर्च करता है. यहां तो शिक्षा का बजट 6000 करोड़ कम किया जा रहा है. बच्चे पढ़ेंगे नहीं तो देश आत्मनिर्भर कैसे होगा? आत्मनिर्भर बनाने की बात भी केवल जुमला ही है। इसके साथ ही अगले ट्वीट में सिसोदिया ने सरकार की नई शिक्षा नीति पर भी निशाना साधा है, उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति (एनईपी) का इतना ढोल बजाने के बाद, बजट में शिक्षा का बजट पिछले साल से 6000 करोड़ कम कर दिया है।

(एनईपी) में शिक्षा बजट जीडीपी का कम से कम 6 फीसदी करने की नीति बताई गई है। बजट में साफ बता दिया गया है कि नई शिक्षा नीति बीजेपी के लिए केवल एक जुमला भर थी।

**प्रतिक्रिया**

- दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर कहा कि यह बजट चंद बड़ी कम्पनियों को फायदा पहुंचाने वाला बजट है ये बजट महंगाई के साथ आम जन-मानस की समस्याएं बढ़ाने का काम करेगा। वहीं दिल्ली के शिक्षा मंत्री ने मोदी के आत्मनिर्भर भारत के नारे पर तंज कसा कहा है

## केंद्र सरकार ने बजट में दिल्ली को फिर किया निराश: मनीष सिसोदिया



नई दिल्ली,एजेंसी

आज देश का आम बजट पेश हुआ, इसमें दिल्ली को कुछ खास नहीं दिया गया है। इस पर दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला है।

उन्होंने ट्वीट करते हुए कहा कि बीजेपी की केंद्र सरकार ने बजट में दिल्ली को फिर निराश किया है. दिल्ली को बजट में केवल 325 करोड़ मिले है जबकि दिल्ली के लोग 1.5 लाख करोड़ का टैक्स केंद्र को देते हैं।

मनीष सिसोदिया ने अगले ट्वीट में कहा कि बीजेपी की सरकार ने बीजेपी शासित एमसीडी को भी एक भी रुपया नहीं दिया, जबकि देश भर के नगर निगमों के लिए 2 लाख करोड़ रुपए दिए हैं।


एमसीडी चुनाव के वक्त बीजेपी ने कहा था कि वे केंद्र से सीधे एमसीडी को पैसा लाएंगे।

## 24 घंटे में आए 121 नए कोरोना वायरस केस, साढ़े 9 महीने में सबसे कम मौत

नई दिल्ली,एजेंसी

दिल्ली में हर दिन सामने आने वाले कोरोना के नए मामले में लगातार कमी हो रही है. कोरोना के नए मामलों का आंकड़ा अब डेढ़ सौ से भी नीचे आ गया है. हालांकि संक्रमण दर बीते दिन के 0.23 फीसदी की तुलना में बढ़कर 0.28 फीसदी पर आ गई है. लेकिन सक्रिय मरीजों की संख्या में कमी आई है और सक्रिय कोरोना मरीजों की दर अबतक के न्यूनतम स्तर पर आकर 0.2 फीसदी हो गई है।

कोरोना रिकवरी दर भी अब तक के उच्चतम स्तर 98.09 फीसदी पर पहुंच गई है. बीते 24 घंटे के दौरान कोरोना के 121 नए मामले सामने आए हैं. आज की बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में कोरोना संक्रमितों की कुल संख्या 6,35,217 हो गई है. अब तक के कुल आंकड़े के अनुसार संक्रमण दर में लगातार कमी आ रही है. अभी यह घटकर 5.89 फीसदी पर आ गई है। कोरोना से होने वाली मौत की बात करें, तो बीते 24 घंटे के



दौरान 3 मरीजों की मौत हुई है. मौत का यह आंकड़ा 27 अप्रैल 2020 के बाद से सबसे कम है. आपको बता दें कि नए साल में कोरोना से मौत का आंकड़ा लगातार 10 से नीचे है. मौत के मामलों में आज हुई बढ़ोतरी के बाद, दिल्ली में कोरोना से हुई मौत का कुल आंकड़ा 10,855 हो गया है. मौत की दर अभी 1.71 फीसदी है।

रिकवरी की बात करें, तो बीते 24 घंटे के दौरान 214 मरीज कोरोना से ठीक हुए हैं. इसके बाद दिल्ली में कोरोना को मात देने वालों का कुल आंकड़ा अब 6,23,096 हो गया है. कोरोना के सक्रिय मरीजों की संख्या में बीते दिन की तुलना में कुछ कमी हुई है. अभी दिल्ली में कुल 1265 सक्रिय कोरोना मरीज हैं, वहीं इनमें से 504 मरीज अभी होम आइसोलेशन में हैं।

कोरोना हॉट स्पॉट्स की बात करें, तो आज इसकी संख्या में बड़ी कमी दिख रही है. कंटेनमेंट जोन्स का आंकड़ा घटकर अब 1068 हो चुका है. कोरोना टेस्टिंग की बात करें, तो बीते 24 घंटे में 43,712 टेस्ट हुए हैं. इनमें से 29,370 टेस्ट आरटीपीसीआर माध्यम से और 14,342 एंटीजन टेस्ट हुए है. इसके बाद दिल्ली में कोरोना टेस्ट का कुल आंकड़ा 1,07,85,138 हो गया है।

## डाबड़ी और बिंदापुर पुलिस ने बरामद किए 3 मोबाइल

**नई दिल्ली:** द्वारका जिले के डाबड़ी और बिंदापुर थाने की पुलिस ने चोरी के 3 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। जिन लोगों के पास यह मोबाइल बरामद हुए उनकी पहचान नंदन सिंह, रॉबिन और अंगद के रूप में हुई है। डीसीपी संतोष कुमार मीणा के अनुसार, द्वारका जिला पुलिस चोरी हुए और छीने गए मोबाइल फोन की लोकेशन ट्रेस कर उन्हें बरामद करने की मुहीम चला रही है।

इसी कड़ी में डाबड़ी थाना एसएचओ हेमंत कुमार की देखरेख में पुलिस टीम ने टेक्निकल सर्विलांस और कॉल डिटेल रिकॉर्ड की मदद से चोरी हुए 2 मोबाइल की लोकेशन ट्रेस की और उन्हें बरामद कर लिया। वहीं दूसरे मामले में बिंदापुर थाना एसएचओ सतीश कुमार की देख-रेख में पुलिस टीम ने चोरी का एक मोबाइल फोन बरामद किया है।

जिन लोगों के पास से यह मोबाइल बरामद हुआ, उन्हें नोटिस देकर छोड़ दिया गया। इससे डाबड़ी और बिंदापुर थाने के 3 मामलों का खुलासा हुआ है. इसके बाद पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

## बदमाशों ने चाकू घोंप कर की ट्रांसपोर्टर की हत्या

नई दिल्ली,एजेंसी

उत्तम नगर स्थित महावीर एनक्लेव में बीती रात अज्ञात बदमाशों द्वारा ट्रांसपोर्ट का काम करने वाले मनोज झा नाम के एक शख्स की चाकू घोंप कर हत्या कर दी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर इन हत्यारों की खोजबीन शुरू कर दी है।

इस बारे में उनके पड़ोसी शिवनारायण दास ने बताया कि मनोज झा रात के समय अपने घर के बाहर बैठकर हाथ सेंक रहे थे, उसी दौरान उनके पास फोन आया और वह फोन पर बात करते-करते उस खाली प्लॉट में चले गए जहां वह अपने ट्रांसपोर्ट की सभी गाड़ियां खड़ी करते थे।

इसी बीच पहले से उस प्लॉट में उनका इंतजार कर रहे दो अज्ञात बदमाशों ने उन्हें पकड़ लिया, जिसके बाद वहां अन्य बदमाशों ने भी आकर एक के बाद एक उन पर चाकू से कई वार किए, जिसके चलते वह बुरी तरह घायल हो गए आसपास के लोगों को जल्द इस बात की सूचना मिली तो उन्होंने तुरंत आनन-फानन में मनोज झा को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां



डॉक्टरों ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। इतना ही नहीं उन्होंने इस सब घटना का जिम्मेदार पुलिस को ठहराया है। उनका कहना है कि इस इलाके में काफी असामाजिक तत्व घूमते रहते हैं जिसको लेकर कई बार पुलिस से शिकायत भी की गई है। लेकिन आज तक पुलिस कभी भी कोई कार्रवाई करने नहीं है।

गौरतलब है कि जहां इस मर्डर से इलाके में सनसनी फैल गई है, वहीं अब पुलिस ने भी मामला दर्ज कर तहकीकात शुरू कर दी है कि यह हत्या किसने और क्यों की और इसके पीछे क्या कारण हो सकता है।

**जांच-पड़ताल**

- गौरतलब है कि जहां इस मर्डर से इलाके में सनसनी फैल गई है, वहीं अब पुलिस ने भी मामला दर्ज कर तहकीकात शुरू कर दी है कि यह हत्या किसने और क्यों की और इसके पीछे क्या कारण हो सकता है।

## दिल्ली के महिपालपुर इलाके में शूटिंग बॉल चैंपियनशिप का आयोजन

नई दिल्ली,एजेंसी

महिपालपुर की तस्वीर स्वराज स्पोर्ट्स क्लब की ओर से लगातार 3904 दिल्ली स्टेट शूटिंग बॉल चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। दिल्ली के गांव में न जाने कितने हुनर हैं जो अपनी काबिलियत दिखाने के मौके की तलाश में हैं, ऐसे आयोजन का उद्देश्य यही होता है कि उन्हें मौका मिले. इस आयोजन में मुख्य रूप से वॉलीबॉल की प्रतियोगिता की गई।

इसके अलावा लॉन्ग जंप, हाई जंप, बैडमिंटन जैसे कई खेलों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की खासियत यह है कि यह आयोजन भले ही दिल्ली के एक गांव में होता है लेकिन इसे सपोर्ट करने के लिए देश के कई नेशनल लेवल के



खिलाड़ी यहां हर साल आते हैं। इस साल भी नेशनल खिलाड़ियों का जमावड़ा यहां देखने को मिला। यहां पर प्रो कबड्डी के कैप्टन आए तो हैवी वेट लिफ्टिंग की महिला प्रतियोगी भी आई थीं। यह कार्यक्रम 2 दिन तक चला, जिसमें सैकड़ों खिलाड़ियों ने अलग-अलग क्षेत्र में हिस्सा लेकर अपनी काबिलियत दिखाई. कार्यक्रम के समापन के दिन सभी खिलाड़ियों को ट्रॉफी और मेडल देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम के आयोजक का मानना है कि देश में खिलाड़ियों को शुरूआती दौर में सपोर्ट करने के मौके बेहद कम मिलते हैं जिसके चलते न जाने कितने ऐसे स्पॉट पर है जो मौके की तलाश में अपने कैरियर को आगे नहीं बढ़ा सके लेकिन ऐसे आयोजन से ना सिर्फ वैसे खिलाड़ियों को मौका मिलता है बल्कि खेलने का जज्बा देखने वालों के अंदर भी आता है।

महिपालपुर में चैंपियनशिप का आयोजन लगातार 39 साल से किया जा रहा है. यह सफल आयोजन एक उदाहरण की तरह है, जो गांव में वैसे बच्चों की मदद करता है जिन्हें खेलों में आगे बढ़ने की काबिलियत है। ऐसे कार्यक्रम के बदौलत है हमारे देश के खिलाड़ी न सिर्फ भारत में बल्कि दुनिया में भारत का नाम रोशन करते हैं। आज के आयोजन मे लड़कियां और युवाओं ने हिस्सा लिया था, इस तरह के खेल के आयोजन का मकसद गांव देहात मे छुपी हुई प्रतिभा को मौका देना है, जो आगे चलकर स्टेट लेबल या इंडिया लेबल पर भी खेल सके।

**आयोजन**

- कार्यक्रम के आयोजक का मानना है कि देश में खिलाड़ियों को शुरूआती दौर में सपोर्ट करने के मौके बेहद कम मिलते हैं जिसके चलते न जाने कितने ऐसे स्पॉट पर है

## सड़क हादसों को कम करने के लिए लग रहे सीसीटीवी



नई दिल्ली, एजेंसी

राजधानी दिल्ली में बढ़ते सड़क हादसे पर लगाम लगाने के साथ-साथ ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्ती के उद्देश्य से मुख्य चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने का काम तेजी से चल रहा है. वेस्ट दिल्ली के मुख्य और बहुत ही व्यस्त चौराहे पर भी कैमरे लगाए जा रहे है।

उत्तम नगर चौक वेस्ट दिल्ली के सबसे व्यस्त चौराहों में से एक है और दिन हो या रात, यहां ट्रैफिक हरकत काफी होती है. ट्रैफिक पुलिस के लिए भी ट्रैफिक नियमों का पालन कराना बड़ी चुनौती रहती थी, लेकिन अब यहां नियमों का उल्लंघन करने वालों पर तीसरी आंख निगरानी रखेगी और जो ऐसा करेगा। उसका चालान इसी तीसरी आंख के माध्यम से घर पर पहुंचेगा. लोगों का कहना है कि इस कैमरे के लगने से काफी फर्क पड़ेगा और लोग डरेंगे भी क्योंकि उन्हें पता है कि जब नियमों का उल्लंघन करेंगे तो कैमरा उनकी गलती जरूर पकड़ लेगा. साथ ही लोगों का ये भी कहना है कि इससे हादसे भी रुकेंगे।

ये मुख्य नजफगढ़ रोड है और इस चौराहे पर एक तरफ जहां ट्रैफिक नजफगढ़ से आकर राजौरी गार्डन की तरफ जाता है। वहीं दूसरा रास्ता पंखा रोड से होता हुआ धौला कुआं जाता है. इस वजह से काफी भीड़ होती है, लेकिन कैमरे लगने के बाद नियमों के उल्लंघन के साथ-साथ एक्सीडेंट के मामलों में भी कमी जरूर आएगी।

## पैसों से भरा बैग लूटने वाले दो लुटेरे किए गए गिरफ्तार

नई दिल्ली,एजेंसी

द्वारका सेक्टर 23 थाने की पुलिस टीम ने दो लुटेरों को गिरफ्तार किया है, जो कार शोरूम के कैशियर से पैसों से भरा बैग लूटकर फरार हो गए। इनके पास से पुलिस टीम ने लूटा हुआ 2 लाख कैश और लूट की वारदात में इस्तेमाल की बाइक बरामद की है।

डीसीपी संतोष कुमार मीणा के अनुसार, गिरफ्तार हुए दोनों लुटेरों की पहचान शाहरुख खान उर्फ जुगनू और रंजीत उर्फ विक्की के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार 28 जनवरी सुबह 10:30 बजे के आसपास द्वारका सेक्टर 20 स्थित मार्बल मार्केट के पास महिला कैशियर से इन लुटेरों ने पैसों से भरा बैग छीन लिया था, जिसमें 2 लाख रुपये कैश रखे हुए थे। महिला की शिकायत पर सेक्टर 23 थाने में मामला दर्ज किया गया और इन लुटेरों को पकड़ने के लिए द्वारका सेक्टर 23 एसएचओ की देखरेख में सब इंस्पेक्टर विवेक मंडोला, एएसआई रंधावा, धर्मेंद्र और कॉन्स्टेबल सुनील



की टीम को लगाया गया. छानबीन के दौरान जिले की साइबर सेल सब इंस्पेक्टर दीपक सिवाच, एएसआई सुरेंद्र, महेश, राकेश आदि की टीम को लगाया गया, जिन्होंने टेक्निकल सर्विलांस और सीसीटीवी कैमरे की मदद से पहले बाइक की पहचान की, जिसके बाद बाइक के मालिक व लूट में शामिल रंजीत को पकड़ लिया। आरोपी रंजीत से पूछताछ कर पुलिस टीम ने उसके दूसरे साथी शाहरुख खान को भी पकड़ लिया। पूछताछ में पुलिस को पता चला कि दोनों एक दुकान में मैकेनिक का काम करते हैं। दोनों ने मिलकर इस वारदात को अंजाम देने का प्लान बनाया था।

**रैली** देश का हर हिंदू राम मंदिर निर्माण में सहयोग राशि दे रहा है

## किराड़ी विधानसभा में राम मंदिर निर्माण के लिए बाइक रैली



नई दिल्ली, एजेंसी

भाजपा जिला कार्यालय मंत्री प्रमोद कुमार बताते हैं कि आज बड़ा हर्ष का विषय है। देश का हर हिंदू राम मंदिर निर्माण में सहयोग राशि दे रहा है।

अयोध्या में जो राम मंदिर बन रहा है, उसमें एक ईंट हर व्यक्ति के नाम की हो, इसी को लेकर जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है। हमारी 5 पीढ़ियों ने इस भव्य राम मंदिर के अपने प्राणों की आहुति दी है। आज स्वर्ग में बैठी उनकी आत्मा भी प्रसन्न हो रही होगीप्रमोद कुमार ने कहा कि भव्य राम मंदिर का निर्माण सरकार भी कर सकती है. बड़े-बड़े उद्योगपति भी कर सकते हैं. राम पूरे राष्ट्र के हैं, पूरे विश्व के हैं, राम हम सबके हैं। हमारे दिल में बसे हैं. इसलिए इस राम मंदिर में एक ईंट हर व्यक्ति की लगे, ताकि आने वाली पीढ़ियां गर्व से कह सकें कि इस राम मंदिर में हमारे पूर्वजों की भी धनराशि लगी है। इसलिए आज बाइक रैली निकालकर जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है। वार्ड 40 की पार्षद उर्मिला चौधरी ने कहा कि इस विशाल बाइक रैली का उद्देश्य जन जागरूकता अभियान है। अयोध्या में जो रामलला का मंदिर बन रहा है, इस मंदिर निर्माण में देश के हर व्यक्ति का सहयोग हो। जब भी वह दर्शन करने जाए तो गर्व से कह सके कि इस राम मंदिर में मेरा भी योगदान है। उर्मिला चौधरी ने कहा कि मैं अपने वार्ड में गई, वहां पर कुछ महिलाओं ने कहा मेरे से भी 10 रुपये लेकर जाना और इस मंदिर में अपना भी योगदान देना चाहती हूं। हमारा मकसद है कि देश का हर हिंदू को इस राम के मंदिर निर्माण में अपनी सहभागिता दे। मंदिर निर्माण को लेकर लोगों में गजब का उत्साह देखा जा रहा है. हर हिंदू मंदिर निर्माण में अपनी सहभागिता देने के लिए तैयार है। सभी हिंदू संगठन 1 फरवरी से 28 फरवरी तक पूरे देश में मंदिर निर्माण के लिए घर-घर जाकर धन इकट्ठा करेंगे।

**अभियान**

- अयोध्या में जो राम मंदिर बन रहा है, उसमें एक ईंट हर व्यक्ति के नाम की हो, इसी को लेकर जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है।

## लोकसभा में वित्त मंत्री ने बजट लेखा-जोखा

**नई दिल्ली:** लोकसभा में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को वर्ष 2021-22 के लिये प्राप्तियों और खर्च का लेखाजोखा तथा वित्त विधेयक 2021 पेश किया। पूर्वाह्न 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होने पर वित्त मंत्री ने 2021-22 का बजट प्रस्ताव पढ़ा। सीतारमण ने इस बार बजट भाषण कागजी दस्तावेज के बजाय टैबलेट से पढ़ा। बजट प्रस्ताव पढ़ने के बाद वित्त मंत्री ने मध्यावधि राजकोषिय नीति रणनीति वक्तव्य और बृहद आर्थिक रूपरेखा वक्तव्य पेश किया।

FORTUNE INDUSTRIAL RESOURCES LIMITED
Regd. Office:- 25, Bazar Lane, Bengali Market, New Delhi-110001
Tel. No.: 011-43585000, Fax: 011-43585015,
E-mail: firl.nbfc@gmail.com,
Website: www.firl.co.in
CIN: L51503DL1986PLC024329
NOTICE
Notice is hereby given pursuant to regulation 29 read with Regulation 47 of SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) regulation, 2015 that a meeting of the Board of Directors of the company will be held on Wednesday, 10th February, 2021 at 04:30 PM interalia to consider and approve the standalone unaudited financial results of the Company for the Quarter year ended 31st December, 2020.
The information is also hosted on the Company's at www.firl.co.in and may also be accessed on the websites of the stock exchanges at www.msei.in.
For Fortune Industrial Resources Limited
Sd/-
Bharti
Company Secretary
ACS-34492
Place : Delhi
Date : 01.02.2021